ISSN: 2584-0231(Online)
International Journal of Multidisciplinary Research in Arts, Science and Technology
© IJMRAST | Vol. 3 | Issue 4 | April 2025
Available online at: https://ijmrast.com
DOI: https://doi.org/10.61778/ijmrast.v3i4.128

# विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि में उनके मानसिक स्वास्थ्य तथा आध्यात्मिक बुद्धि की भूमिका

अजय कुमार चौधरी, डॉ प्रमिला

शोधार्थी, डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या।

शोध निर्देशिका, पूर्व आचार्य, शिक्षक शिक्षा विभाग, आर0आर0पी0जी0 कॉलेज, अमेठी।

**E-Mail:** ajayvani2925@gmail.com

*शोध सार*

*विद्यार्थी जीवन में सफलता प्राप्त करने हेतु मानसिक रूप से स्वस्थ्य होना अति आवश्यक है। मानसिक स्वास्थ्य और सफलता एक दूसरे के साथ सहसम्बन्धित है। विद्यार्थी का मानसिक रूप से स्वस्थ्य होना उनकी शैक्षिक उपलब्धि में सकारात्मक भूमिका निभाता है, तथा उनकी सफलता के अवसरों को बढ़ा देता है। जिसके परिणामस्वरूप विद्यार्थी अपने वातावरण के साथ समायोजन कर अपने जीवन में संतुलन स्थापित कर सकता है। विद्यार्थी के आन्तरिक तथा बाह्य संतुलन हेतु आध्यात्मिक बुद्धि सकारात्मक भूमिका निभाता है। आध्यात्मिक बुद्धि, बुद्धि का उच्चतम आयाम है, जो व्यक्ति की बौद्धिक बुद्धि तथा संवेगात्मक बुद्धि का मिश्रित रूप है। आध्यात्मिक बुद्धि हमारे जीवन को पूर्णतः प्रदान करती है, और हमारी चेतना का विकास कर ज्ञान के सर्वोच्च शिखर पर पहुचने में मदद करती है। विद्यार्थी के मानसिक स्वास्थ्य को बनाये रखने में तथा उसकी शैक्षिक उपलब्धि में आध्यात्मिक बुद्धि का महत्वपूर्ण योगदान है। जो उनके समग्र विकास में सहायक है। प्रस्तुत अध्ययन का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि में उनके मानसिक स्वास्थ्य तथा आध्यात्मिक बुद्धि की भूमिका का अध्ययन करना है। यह एक गुणात्मक प्रकार का अध्ययन है। जिसमें पूर्व में हुए शोधों का अध्ययन विश्लेषणात्मक प्रकार से किया गया है। निष्कर्षतः यह पाया गया कि विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि में उनके मानसिक स्वास्थ्य तथा आध्यात्मिक बुद्धि की सकारात्मक भूमिका रहती है। जिसका प्रयोग कर विद्यार्थी अपने जीवन की समस्याओं का सामना आसानी से कर पाते है, और शैक्षिक तथा सामाजिक उद्देश्यों को सरलतापूर्वक प्राप्त कर सकते है।*

***तकनीकी शब्द–*** *शैक्षिक उपलब्धि, मानसिक स्वास्थ्य, आध्यात्मिक बुद्धि*

## प्रस्तावना

विद्यार्थी जीवन मानव के जीवन का सबसे अधिक महत्वपूर्ण समयाकाल होता है, इस काल में ही यह निर्धारित हो जाता है, कि वह विद्यार्थी भविष्य में किस तरह की उपलब्धि पायेगा। विद्यार्थी जीवन की इस अवधि में उसके लक्ष्य प्राप्ति में कई सारे कारक उसकी शैक्षिक उपलब्धि को प्रभावित करते है। इन अनेक कारकों में से मानसिक स्वास्थ्य एवं आध्यात्मिक बुद्धि बहुत ही महत्वपूर्ण कारक है। जो उसकी शैक्षिक उपलब्धि के साथ साथ उसके सर्वांगीण विकास को प्रभावित करता है। यदि एक बालक मानसिक रूप से स्वस्थ्य है, तो वह अपने जीवन के सभी क्रियाकलाप संतुलित

तरीके से कर सकता है। मानसिक रूप से स्वस्थ्य विद्यार्थी ही अपने वातावरण के साथ उचित समायोजन स्थापित कर अपनी लक्ष्य प्राप्ति में आयी बाधाओं का सामना उचित प्रकार से कर अपने ल़क्ष्यों की प्राप्ति आसानी से कर सकता है। किसी विद्यार्थी के मानसिक स्वास्थ्य के साथ–साथ उसकी आध्यात्मिक बुद्धि भी उसके शैक्षिक लक्ष्यों की प्राप्ति में महत्पूर्ण भूमिका निभाती है। आध्यात्मिक बुद्धि एक नवीन आयाम है। जो संवेगात्मक बुद्धि तथा बौद्धिक बुद्धि का योग है। आध्यात्मिक बुद्धि का सम्बन्ध सम्पूर्ण मस्तिष्क से होता है। आध्यात्मिक बुद्धि हमे आत्मबोध कराती है तथा जीवन के उद्देश्य निर्धारण में सहायता प्रदान करती है। आध्यात्मिक बुद्धि हमारे जीवन को पूर्णतः प्रदान करती है, और हमारी आत्म चेतना का विकास कर सर्वांगीण विकास करने में मदद करती है, जिससे विद्यार्थी अपनी शैक्षिक उपलब्धि को आसानी से प्राप्त कर सकते है। जिन विद्यार्थियों में आध्यात्मिक बुद्धि जितनी अधिक होगी। वह मानसिक रूप से उतना ही अधिक सुदृढ़ होगा। इस तरह विद्यार्थी जीवन में उसकी शैक्षिक उपलब्धि तथा मानसिक स्वास्थ्य उन्नयन हेतु आध्यात्मिक बुद्धि की अग्रणी भूमिका रहती है।

## उद्देश्य

प्रस्तुत अध्ययन के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित है–

- विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को समझना।
- विद्यार्थियों की आध्यात्मिक बुद्धि को समझना।
- विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य में आध्यात्मिक बुद्धि की भूमिका को समझना।
- विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि में उनके मानसिक स्वास्थ्य तथा आध्यात्मिक बुद्धि की भूमिका को समझना।

## सम्बन्धित साहित्य सर्वेक्षण–

प्रस्तुत अध्ययन से सम्बन्धित कुछ शोध निम्नलिखित है–

**दिव्या कौशिक, मुक्ता गर्ग और गरिमा दीक्षित (2024),** "हॉलिस्टिक अपरोच टू मेंटल हेल्थः इन्टीग्रेटिंग माइन्ड, बॉडी, एण्ड इस्पीरिट फॉर कम्प्रेसिंव वेल बीइग" इस अध्ययन का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के लिए समग्र दृष्टिकोण, मन, शरीर, और आत्मा को एकीकृत करना था। निष्कर्ष में पाया गया कि मानसिक स्वस्थ्य रहने के लिए मन, शरीर और आत्मा का स्वस्थ्य होना अति आवश्यक है जो कि समग्र विकास को दर्शाता है। सभी अवयव एक दूसरे के साथ सहसम्बन्धित है।

**पिन्टू, गुडेस और रूइ न्यून्स (2024),** "स्प्रीचुअल इन्टेलीजेन्सः अ स्कोपिग रिव्यू ऑन द गेटवे टू मेंटल हेल्थः" इस अध्ययन का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य और आध्यात्मिक बुद्धि के बारे में एक विस्तृत् समीक्षा को करना था। निष्कर्ष में पाया गया कि आध्यात्मिक बुद्धि और मानसिक स्वास्थ्य, भावात्मक और अनुकूल सामाजिक व्यवहार और संचार रणनीतियों के साथ सकारात्मक सहसम्बन्ध पाया गया है।

**कविता चौबे (2024),** "प्राचीन योग और मनोविज्ञानः वर्तमान जीवन शैली के परिपेक्ष्य में योग का मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव" इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य यह था कि प्राचीन योग, व्यायाम और मनोविज्ञानः का वर्तमान जीवन शैली के परिपेक्ष्य में योग का मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव को देखना था। निष्कर्ष में पाया गया कि योग के द्वारा कई प्रकार की बीमारियों से बचा जा सकता है और साथ ही साथ शरीरिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहा जा सकता है। दोनो एक दूसरे से सकारात्मक रूप से सहसम्बन्धित है।

**सुमिता, राकेश, सुमाला, विजय के भारवाल, सौरभ (2022),** "स्प्रीचुअल इन्टेलीजेन्स इन रिलेशन टू मेंटल हेल्थः अ स्टडी एमग इंडियन एडोलसेन्स" इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य भारतीय किशोर विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य तथा

आध्यात्मिक बुद्धि के बीच सम्बन्ध ज्ञात करना था। निष्कर्ष में पाया गया कि जिन विद्यार्थियों में आध्यात्मिक बुद्धि अधिक होती है, उनका मानसिक स्वास्थ्य अधिक था।

**प्रियंका चौहान तथा अन्जू टिन्ना (2022),** "विद्यार्थियों की सांवेगिक बुद्धि एवं मानसिक तनाव का उनकी शैक्षिक उपलब्धि पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन" इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य किशोरों विद्यार्थियों में सांवेगिक बुद्धि एवं मानसिक तनाव का उनकी शैक्षिक उपलब्धि पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन करना था। निष्कर्ष में पाया गया कि छात्रों की सांवेगिक बुद्धि छात्राओं की सांवेगिक बुद्धि की अपेक्षा अच्छी थी तथा विद्यार्थियों के मानसिक तनाव व शैक्षिक उपलब्धि के मध्य कोई सार्थक अन्तर नही पाया गया।

## अध्ययन की आवश्यकता एवं महत्व

विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि हेतु उनका मानसिक रूप से स्वस्थ्य होना अत्यधिक आवश्यक है, जब तक वे मानसिक रूप से स्वस्थ नही होगें, तबतक उनका सर्वांगीण विकास सम्भव नही होगा तथा वे बेहतर शैक्षिक प्रदर्शन नही कर पायेगें। विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य उन्नयन तथा उनकी शैक्षिक उपलब्धि में आध्यात्मिक बुद्धि महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जिन विद्यार्थियों की आध्यात्मिक बुद्धि जितनी अधिक विकसित होगी। वह मानसिक रूप से उतने ही सशक्त होंगे जिससे उनकी शैक्षिक उपलब्धि का मार्ग भी प्रशस्त होगा। प्रस्तुत शोध पत्र में विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि में उनके मानसिक स्वास्थ्य तथा आध्यात्मिक बुद्धि की भूमिका का अध्ययन किया गया है। जो वर्तमान समय में महत्वपूर्ण भूमिका रखता है।

## शोध विधि

प्रस्तुत अध्ययन में गुणात्मक उपागम का पालन करते हुए डेटा संग्रहण हेतु अनेक प्रकार के शोध पत्र एवं पत्रिकाओं, समाचार–पत्र, ऑनलाइन सामग्री तथा अनेक प्रकार के शोध अध्ययन का उपयोग किया गया है। यह एक विश्लेषणात्मक अध्ययन है, जिसमें विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि में उनके मानसिक स्वास्थ्य तथा आध्यात्मिक बुद्धि की भूमिका का अध्ययन किया गया है।

## मानसिक स्वास्थ्य तथा आध्यात्मिक बुद्धि

विद्यार्थियों का मानसिक स्वास्थ्य उनकी शैक्षिक उपलब्धि तथा समग्र विकास को अत्यधिक प्रभावित करते है। विद्यार्थी जीवन में विद्यार्थियों को अनेक मानसिक द्वन्दों का सामना करना पड़ता है। अक्सर उन्हें तनाव, दुश्चिन्ता, अवसाद, अन्तर्द्वन्द, शैक्षिक दबाव, भविष्य की चिन्ता, सामाजिक दबाव एवं अस्वस्थ्य पारिवारिक वातावरण आदि का सामना करना पड़ता है, जो उनके मानसिक स्वास्थ्य को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करते है। जिन विद्यार्थियों का मानसिक स्वास्थ्य सुदृढ़ होता है, वे विद्यार्थी अपने जीवन की समस्याओं का समाधान आसानी से कर लेते है। विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को सकारात्मक रूप से प्रभावित करने में आध्यात्मिक बुद्धि भी महत्वपूर्ण भूमिका रखती है। वास्तविक रूप से आध्यात्मिक बुद्धि, संवेगात्मक बुद्धि (ई0क्यू0) और बौद्धिक बुद्धि (आई0क्यू0) का मिश्रित रूप है। जहाँ आध्यात्मिक बुद्धि (एस0क्यू0) दाएँ मस्तिष्क से सम्बन्धित है, तथा बौद्धिक बुद्धि बाएँ मस्तिष्क से सम्बन्धित है। वहीं आध्यात्मिक बुद्धि का सम्बन्ध सम्पूर्ण मस्तिष्क से होता है। आध्यात्मिक बुद्धि वह बुद्धि है जिसकी आवश्यकता तब होती है, जब हम अपने जीवन के परम सत्य की यात्रा शुरू करते है, तथा अपने जीवन के दृष्टिकोण को अधिक व्यापक करते है। आध्यात्मिक बुद्धि हमारे जीवन को पूर्णतः प्रदान करती है। हमारी चेतना का विकास कर ज्ञान के सर्वोच्च शिखर पर पहुचने में मदद करती है। अतः आध्यात्मिक बुद्धि की सहायता से उच्च मानसिक स्वास्थ्य को प्राप्त किया जा सकता है।

## मानसिक स्वास्थ्य पर आध्यात्मिक बुद्धि का प्रभाव

विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य पर आध्यात्मिक बुद्धि के प्रभाव को हम निम्नलिखित तथ्यों की सहायता से समझ सकते है–

- आध्यात्मिक बुद्धि की सहायता से विद्यार्थियों में आत्म–जागरूकता आती है। जिससे वह स्वयं को उचित प्रकार से समझकर स्वयं का बेहतर आत्म प्रबन्धन कर तनावमुक्त रह सकते है।
- आध्यात्मिक बुद्धि द्वारा विद्यार्थियों में दया, सहानुभूति, करूणा, उपकार, सहयोग, भातृत्व आदि जैसे गुणों का विकास होता है, जिससे उनका मानसिक स्वास्थ्य के साथ–साथ मानसिक संतुलन बना रहता है।
- उच्च आध्यात्मिक बुद्धि की सहायता से विद्यार्थियों में सकारात्मक दृष्टिकोण का विकास होता है, जो उनके मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है।
- आध्यात्मिक बुद्धि द्वारा विद्यार्थियों में उच्च नैतिक मूल्यों का विकास होता है।
- उच्च आध्यात्मिक बुद्धि से विद्यार्थियों में उच्च स्व की अनुभूति होती है, तथा वे स्व मार्गदर्शित होते है जो उनके मानसिक विकास में सकारात्मक भूमिका निभाते है।
- आध्यात्मिक बुद्धि द्वारा विद्यार्थियों में उच्च मानसिक शक्तियों का उन्नयन होता है, जिससे उनमें बुद्धिमतापूर्ण निर्णय लेने की क्षमता का विकास होता है।

## मानसिक स्वास्थ्य उन्नयन हेतु आध्यात्मिक बुद्धि को बढ़ावा देने के तरीके

मानसिक स्वास्थ्य के उन्नयन में आध्यात्मिक बुद्धि को बढ़ावा देने के कुछ मुख्य तरीके निम्नलिखित है–

**योग एवं ध्यान–** विद्यार्थियों में योग एवं ध्यान के प्रतिदिन अभ्यास से उनमें मानसिक शान्ति एवं एकाग्रता रहती है, जिससे वह शारीरिक और मानसिक रूप स्वस्थ्य व क्रियाशील रहते है। उनका मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है।

**नैतिक मूल्य–** विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों की सहायता से उनकी आध्यात्मिक बुद्धि का विकास किया जा सकता है, जिससे उनमें उचित–अनुचित, सही–गलत तथा नैतिक–अनैतिक के भेद की समझ विकसित होती है। इन नैतिक मूल्यों की सहायता से विद्यार्थी मानसिक रूप से स्वस्थ्य व क्रियाशील रहते है।

**कला एवं संगीत–** कला व संगीत द्वारा विद्यार्थी अपनी भावनात्मक अभिव्यक्ति स्वतंत्र रूप से प्रदर्शित करते है, जिससे उनका मन प्रसन्न एवं एकाग्र होता है। जिसकी सहायता से उनमें आध्यात्मिक बुद्धि का विकास होता है और साथ ही साथ उनका मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है।

**पाठ्य–सहगामी क्रियाएँ–** स्कूल और विद्यालयों के पाठ्यक्रम में ऐसी पाठ्य सहगामी क्रियाएँ सम्मिलित की जानी चाहिए। जिससे उनके बौद्धिक, संवेगात्मक तथा शैक्षिक विकास के साथ साथ उनका आध्यात्मिक विकास हो सके।

**सकारात्मक वातावरण–** विद्यार्थियों को ऐसे वातावरण में रखना चाहिए, जिससे उनमें उच्च आध्यात्मिक बुद्धि का विकास हो सके। जिससे वह मानसिक और शारीरिक रूप से सुदृढ़ हो सके। उनका मानसिक स्वास्थ्य बना रहे और वह जीवन की प्रत्येक कठिनाइयों का सामना आसानी से कर सके।

**नियमित और स्वस्थ्य जीवन शैली–** विद्यार्थियों में नियमित दिनचर्या और स्वस्थ्य जीवन शैली का विकास करना चाहिए जिससे उनमें उच्च आध्यात्मिक बुद्धि का विकास हो सके। जिसकी सहायता से मानसिक स्वास्थ्य अच्छा हो सके।

## विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि हेतु आध्यात्मिक बुद्धि की भूमिका

उपरोक्त वर्णन से स्पष्ट है, कि विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य उन्नयन में आध्यात्मिक बुद्धि का अत्यन्त महत्वपूर्ण योगदान रहता है। आध्यात्मिक बुद्धि विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को प्रत्यक्ष तथा सकारात्मक रूप से प्रभावित करती है। जिससे उनकी शैक्षिक उपलब्धि भी प्रभावित होती है। उच्च आध्यात्मिक बुद्धि वाले विद्यार्थियों का मानसिक स्वास्थ्य भी उच्च होता है, जो उनकी शैक्षिक उपलब्धि को उचित दिशा प्रदान करता है। जो विद्यार्थी मानसिक रूप से स्वस्थ होते है उनकी एकाग्रता उच्च होती है, और वे अपने विषय पर अधिक ध्यान केंद्रित कर पाते है। जिससे उनका शैक्षिक प्रदर्शन उच्च होता है। मानसिक रूप से सुदृढ़ तथा आध्यात्मिक रूप से बुद्धिमान विद्यार्थी सदैव प्रेरित रहते है तथा अपने लक्ष्यों प्राप्ति के लिए उन्मुख रहते है। जिससे उनको उच्च शैक्षिक उपलब्धि प्राप्त होती है। अतः स्पष्ट है कि विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, आध्यात्मिक बुद्धि तथा उनकी शैक्षिक उपलब्धि आपस में सहसम्बन्धित है। जो विद्यार्थियों में बौद्धिक तथा नैतिक विकास के साथ साथ उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनाने में भी सहायक है।

## निष्कर्ष

प्रस्तुत अध्ययन के निष्कर्ष को हम निम्नलिखित बिन्दुओं की सहायता से समझ सकते है–

- विद्यार्थियों का मानसिक स्वास्थ्य उनकी शैक्षिक उपलब्धियों की प्राप्ति में महत्वपूर्ण भूमिका रखता है।
- आध्यात्मिक बुद्धि विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य तथा शैक्षिक उपलब्धि पर सकारात्मक प्रभाव डालती है।
- जिन विद्यार्थियों में आध्यात्मिक बुद्धि अधिक होती है, उनका मानसिक स्वास्थ्य तथा शैक्षिक उपलब्धि भी उच्च होती है। जो उनके सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होता है।
- अध्ययन में यह पाया गया कि विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य के विकास में आध्यात्मिक बुद्धि की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। जो उनको सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करती है।
- उच्च आध्यात्मिक बुद्धि और मानसिक रूप से स्वस्थ्य विद्यार्थी अपने जीवन की समस्याओं का सामना आसानी से कर पाते है, तथा वे अपने जीवन के उद्देश्यों को भी सरलतापूर्वक प्राप्त कर सकते है।

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची


[1]. दिव्या कौशिक, मुक्ता गर्ग और गरिमा दीक्षित (2024), ”हॉलिस्टिक अपरोच टू मेंटल हेल्थः इन्टीग्रेटिंग माइन्ड, बॉडी, एण्ड इस्पीरिट फॉर कम्प्रेसिंव वेल बीइग” इन्टरनेशनल जर्नल ऑफ बायो केमिस्ट्री रिसर्च 8(3), 123–1प

[2]. पिन्टू, गुडेस और रुइ न्यूस (2024), ”स्प्रीचुअल इन्टेलीजेन्सः अ स्कोपिग रिव्यू ऑन द गेटवे टू मेंटल हेल्थः” ग्लोबल हेल्थ एक्शन, 17(1),1–17

[3]. कविता चौबे (2024), ”प्राचीन योग और मनोविज्ञानः वर्तमान जीवन शैली के परिपेक्ष्य में योग का मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव” आइडिलिस्टिक जर्नल ऑफ एडवांस रिसर्च इन प्रोग्रेसिव स्पेक्ट्रम, 3(6),36–40

[4]. सुमिता, राकेश, सुमाला, विजय के भारवाल, सौरभ (2022), ”स्प्रीचुअल इन्टेलीजेन्स इन रिलेशन टू मेंटल हेल्थः अ स्टडी एमंग इंडियन एडोलसन्स” इन्टरनेशनल जर्नल ऑफ रिसर्च एण्ड रिव्यू, 9(1), 614–622

[5]. **प्रियंका चौहान तथा अन्जू टिन्ना** (2022), ”विद्यार्थियों की सांवेगिक बुद्धि एवं मानसिक तनाव का उनकी शैक्षिक उपलब्धि पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन” जर्नल ऑफ मॉर्डन मैनेजमेंट एड इंटरप्रिनॉलशिप 12(2), 54–59



***Cite this Article***

अजय कुमार चौधरी, डॉ प्रमिला, विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि में उनके मानसिक स्वास्थ्य तथा आध्यात्मिक बुद्धि की भूमिका, *International Journal of Multidisciplinary Research in Arts, Science and Technology (IJMRAST), ISSN: 2584-0231, Volume 3, Issue 4, pp. 10-14, April 2025.*

***Journal URL:*** https://ijmrast.com/

***DOI:*** https://doi.org/10.61778/ijmrast.v3i4.128


This work is licensed under a Creative Commons Attribution-NonCommercial 4.0 International License.